अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 27 मार्च 2020

PAGE NO. 05, MIDDLE LEFT

# एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने बांटे खाने के पैकेट

**बरेली।** लॉक डाउन के दौरान दिहाड़ी मजदूरों की परेशानी देखते हुए एसआरएमएस ट्रस्ट ने उनकी भूख मिटाने की पहल की है। ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने मजदूरों को खाना पहुंचाने का प्रस्ताव जिला प्रशासन को दिया है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि कोई भूखा न सोए न खाने की चिंता करे। डीएम नीतिश कुमार ने उनके प्रस्ताव की सराहना की। बृहस्पतिवार को उन्होंने एसएसपी शैलेश पांडेय और एसआरएमएस की टीम के साथ कई इलाकों में खाने के पैकेट भी बांटे। संवाद

## रामनवमी मेला स्थगित, घर से करें श्रीराम की पूजा

बरेली। कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए रामनवमी मेला कमेटी धौरा ने भी रामनवमी मेला और राम बारात स्थगित करने का फैसला किया है। राम नवमी मेला कमेटी के प्रबंधक देवमूर्ति ने बताया कि 50 वर्ष से होने वाला यह समारोह अब पूजा अर्चना कर सांकेतिक रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने अनुरोध किया है कि भगवान राम की पूजा-अर्चना कर कोरोना वायरस से विश्व को निजात दिलाने की प्रार्थना करें। संवाद